कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक ___ /न0पा0परि०/ 2023 दिनांक ______ 2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद स्याना में "पी०एम० स्वनिधि योजना" के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling Of PM Svanidhi Beneficiaries) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु कार्य में दक्ष संस्था / फर्मों से ऑफलाईन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 27.06.2023 को अपरान्ह 03 बजे तक नगर पालिका परिषद स्याना जिला बुलन्दशहर में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 28.06.2023 को अपरान्ह 03 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी, जिसके निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.06.2023 को दोपहर 02 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अध्यक्ष/ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्याना को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दें। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तों एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 स0	कार्य/सामग्री का विवरण	धनराशी जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशी 10%	निविदा शुल्क जी0एस0 टी0 सहित	अवधि
1.	पी०एम० स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं के सर्वे कार्य । IEC Activities like installation of hordings banners etc. Mobilization of vendors. Imparting of Training to data Collectors. Payment to data Collectors. Local Transport. Any other Expenditure related to the programme.	5,00,000.00	50,000.00	500+90 =590.00	06 माह

निविदा हेतु शर्तें:-

1. सशर्त / कटिंग / ओवरराईटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
2. 100 रू के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाता का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है, प्रस्तुत करना होगा।
3. उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुभव अनिवार्य होगा।

4. निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य हेतु 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन.सी.सी. / एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद स्याना के पक्ष में बन्धक होगी, को संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्याना का होगा।
7. भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म / ठेकेदार द्वारा देय होगा।
8. बिल से नियमानुसार करों आदि की कटौती की जायेगी।
9. जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 6 माह पश्चात कार्य संतोषजनक होने पर वापिस की जायेगी।
10. कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना घटित होने या विवाद होने पर पालिका की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
11. शासन / निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद स्याना

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद स्याना

प0 सं0 116 (1) /तददिनांक 21/06/2023
प्रतिलिपि:- निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थः-

1. जिलाधिकारी महोदय, बुलन्दशहर ।
2. अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी (स्था0) महोदय, बुलन्दशहर ।
3. प्रभारी अधिकारी जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (NIC) बुलन्दशहर को सूचनार्थ।
4. संपादक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं विशाल विश्व मानव स्याना को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सार्वजिनक सूचना को अपने आगामी अंक पत्र में शासकीय दरों पर कम से कम स्थान मे प्रकाशित कराने का कष्ट करें एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 5 प्रतियों सहित देयक बिल भुगतान हेतु पालिका को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. पालिका की बैवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)